आकाषवाणी जयपुर–अजमेर से प्रादेषिक समाचार

दिनांक 13.05.2024

समय 18.30

- लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में आज नौ राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश की 96 सीटों पर मतदान सम्पन्न।
- सीबीएसई ने दसवीं और बारहवीं कक्षा के नतीजेघोषित किये–10वीं में 93 दशमलव छह और 12वीं में करीब 88 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण।
- पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में आज कई स्थानों पर बारिश–ज्यादातर जगहों के लिए येलो और ऑरेंज अलर्ट।
- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की रैंकिंग में राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन देशभर में अग्रणी।

000

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में आज नौ राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश की 96 संसदीय सीटों के लिए वोट डाले गये। इनमें आंध्र प्रदेश की 25, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल की आठ–आठ सीटें, बिहार की पांच तथा झारखंड और ओडिशा की एक–एक सीट शामिल हैं। केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर की एक सीट के लिए भी आज वोट डाले गये। इस चरण में एक हजार सात सौ 17 उम्मीदवार मैदान हैं।

000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने आज दसवीं और बारहवीं कक्षा के नतीजे घोषित कर दिए। सीबीएसई ने एक बयान में कहा है कि 12वीं में कुल 87 दशमलव नौ–आठ प्रतिशत छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। यह प्रतिशत पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव छह–पांच प्रतिशत अधिक है। 24 हजार से अधिक उम्मीदवारों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं और एक लाख 16 हजार से अधिक छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत लड़कों की तुलना में छह दशमलव चार प्रतिशत अधिक है। 10वीं बोर्ड परीक्षा में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 93 दशमलव छह रहा। लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 94 दशमलव सात–पांच है,

जबकि लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 92 दशमलव सात–एक है। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि सी.बी.एस.ई. के अजमेर रीजन में लड़कियों ने फिर बाज़ी मारी है।

.............

प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई के बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने विद्यार्थियों की सफलता में परिवार और शिक्षकों के सहयोग के लिए उनकी सराहना की।

000

स्कूल शिक्षा, शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने आज जयपुर में शिक्षा का अधिकार–आर.टी.ई. के तहत निजी स्कूलों की 25 फीसदी सीटों पर मुफ्त प्रवेश के लिए लॉटरी निकाली। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि लॉटरी द्वारा जारी वरीयता सूची को अभिभावक विद्यालयवार प्राइवेट स्कूल वेबपोर्टल के होम पेज पर देख सकते हैं। प्रदेश के इकत्तीस हजार आठ सौ सत्तावन निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए तीन लाख आठ हजार सात सौ बयासी विद्यार्थियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं। 7 जून से 25 जुलाई तक पहले चरण में विद्यालयों में प्रवेश दिए जाएंगे। 26 जुलाई से 16 अगस्त दूसरे चरण तथा 17 अगस्त से 31 अगस्त तक तीसरे चरण में वरीयता के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे।

000

जयपुर शहर में आज कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई–मेल मिलने के बाद पुलिस ने इन सभी स्कूलों में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान ना दें और पुलिस पूरी तरह से सतर्क है।

000

आज जयपुर बम विस्फोट कांड की बरसी है। 13 मई 2008 को सिलसिलेवार हुए बम धमाकों में 70 से अधिक लोगों की जानें गई थीं और डेढ़ सौ से अधिक लोग घायल हुए थे। आज शहर में कई संगठनों की ओर से श्रद्धाजंलि कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बम धमाके से प्रभावित एक परिवार के घर जाकर धमाके में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी।

000

झुंझुनूं के सूरजगढ़ के पास रामरख की ढाणी के रहने वाले सेना के जवान नंदूसिंह शेखावत की बम फटने से मृत्यु हो गयी। नंदूसिंह लेह लद्दाख में आर्मी के गोला बारूद डिपो में ट्रेड्समैन मेट के पद पर कार्यरत थे। आठ मई को डिपो में ड्यूटी के समय एक बम फटने से नंदूसिंह घायल हो गए थे, जिन्हें पहले लेह लद्दाख के ही आर्मी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उन्हें चंडीगढ़ पीजीआई में रैफर कर दिया गया। जहां पर आज ईलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। नंदूसिंह की पार्थिव देह उनके पैतृक गांव लाई जा रही है, जहां कल पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

000

प्रदेश में आज कई स्थानों पर पश्चिमी विक्षोभ के असर से बारिश हुई है। बीकानेर में तेज गर्मी और लू के बीच हुई बारिश से लोगों को राहत मिली है। शाम तक रूक—रूक कर बारिश का दौर जारी रहा। सिरोही जिले के आबूरोड सहित केई अनेक स्थानों पर हल्की बरसात हुई। दौसा में दोपहर बाद तेज बरसात हुई।

............

भरतपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि सुबह से ही लोग गर्मी से परेशान हो रहे थे, लेकिन बारिश होने से मौसम खुशनुमा हो गया है।

............

भीलवाड़ा, टोंक, बांसवाड़ा, डूंगरपुर और आस—पास के इलाकों में भी बारिश हुई है। वहीं चूरू में आज पारा फिर चढ़ने से लू के हालात रहे। जैसलमेर में 42 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

इस बीच, मौसम विभाग ने जयपुर, बीकानेर, अजमेर, भरतपुर और कोटा संभाग में कई स्थानों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इन स्थानों पर 20 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की संभावना है। वहीं जयपुर, करौली, अलवर, दौसा, भरतपुर, सिरोही, उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ, चित्तौडगढ, झालावाड जिलों और आस—पास के क्षेत्रों में कहीं—कहीं पर 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने के आसार हैं। जयपुर, दौसा, करौली, झालावाड, उदयपुर और आस—पास के क्षेत्रों में कहीं—कहीं बिजली गिरने और कहीं—कहीं ओलावृष्टि की संभावना है।

000

राज्य में गर्मी बढने के साथ ही कई स्थानों पर पेयजल की समस्या होने लगी है। जिसके मद्देनजर जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न व्यवस्था की जा रही

बूंदी में हुई बैठक में जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने निर्देश दिए कि पेयजल संबंधी समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो। जिन स्थानों पर टैंकरों से जलापूर्ति की जानी है, वहा प्राथमिकता के साथ पेजयल उपलब्ध कराया जावे। इस कार्य में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाए। कोटपुतली बहरोड़ जिले के गांवों और शहरी क्षेत्र में नियमित जल आपूर्ति को लेकर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पाली में जिला कलेक्टर ने अवैध रूप से बोरवैल खुदाई के काम में लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। बांसवाडा जिला कलेक्टर ने सभी विभागों से मिलकर काम करते हुए जनता को राहत देने की बात कही।

000

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की रैंकिंग में राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन–आर.एम.एस.सी.एल. अग्रणी रहा है। निगम की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने बताया कि आरएमएससीएल दवाओं, सर्जिकल और सूचर्स तथा जांच उपकरणों की खरीद में देश में अव्वल रहा है। आज जयपुर में आयोजित एक संगोष्ठी में उन्होंने कहा कि बीईएमपी कार्यक्रम के तहत पिछले महीने तक 1 लाख 43 हजार से ज्यादा उपकरणों को ई–उपकरण सॉफ्टवेयर में मैप किया गया है। इस कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से ऑनलाइन पंजीकृत 1 लाख 44 हजार 465 शिकायतों में से 1 लाख 44 हजार 234 का सफलतापूर्वक समाधान किया गया है। अतिरिक्त मिशन निदेशक एनएचएम अरूण गर्ग ने कहा कि बायोमेडिकल इक्विपमेंट मैनेजमेंट लागू करने से उपकरणों की मेंटीनेंस लागत में कमी आती है और महंगे बायोमेडिकल उपकरणों के उपयोग की अवधि को बढ़ाया जा सकता है। इससे उपकरणों को बार–बार बदलने की आवश्यकता भी कम हो जाती है।

000

भरतपुर सौंख मार्ग पर एक वाहन की टक्कर से एक ऑटो में सवार एक महिला की मृत्यु हो गई। दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो बच्चे शामिल हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि मृतक महिला अपने दोनों बच्चों के साथ नदिया के नगला से सोगर गांव जा रही थी कि गांव से कुछ दूरी पहले ही उनके ऑटो की टक्कर किसी वाहन से हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एम्बुलेंस के जरिये उपचार के लिए आरबीएम अस्पताल पहुंचाया।

000

पुष्कर में आज पुलिस की ओर से मैराथन का आयोजन हुआ। **"स्वस्थ, स्ट्रांग और फिट पुष्कर"** थीम पर आयोजित इस मैराथन को जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई ने पुष्कर के मेला मैदान से रवाना किया। यह दौड़ शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मेला मैदान पर ही आकर सम्पन्न हुई।

इस मैराथन में पुष्कर और अजमेर सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों के लोगों ने भाग लिया और पुष्कर की पवित्रता को बनाए रखने और फिट रहने का संदेश दिया।

000